# जलभराव : समस्या एवं सुझाव

## जल प्रबन्धन विचार गोष्ठी

## दिनांक 23 सितम्बर 2022

## में

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री

# माननीय श्री कौशल किशोर जी

तथा

माननीय विधायक सरोजनी नगर

# डा0 राजेश्वर सिंह जी

को कानपुर रोड योजना में जल भराव से मुक्ति हेतु
प्रस्तुत सुझाव पत्र।


प्रस्तुतकर्ता

इं0 आर0 के0 भाटिया

महासचिव

## आशियाना रेजीडेन्ट्स एसोसिएशन

लखनऊ–226012.

रजिस्ट्रेशन सख्या 1523/92-93

नगर निगम पंजीकरण संख्या - 124

# आशियाना रेजीडेन्ट्स एसोसिएशन

कैम्प कार्यालय – के–880, आशियाना कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ

e-mail : aashianaresidents@gmail.com

राजेन्द्र पाण्डेय
अध्यक्ष
मो0 : 9335916286

आर0 के0 भाटिया
महासचिव
मो0 : 9335209338
8840351738

पत्रांक 08/2022-23/जल भराव

दिनांक 23-09-2022

## प्रस्तावना / इतिहास

मोहनलाल गंज लोक सभा की सरोजनी नगर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 1984–85 में "कानपुर रोड योजना" आवसीय क्षेत्र का विकास लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आरम्भ हुआ था, जिसमें लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कई सेक्टरों का विकास स्वयं किया तथा जे, के, के–1, एम, एम–1, तथा एन, एन–1, का विकास का कार्य लाईसेन्सी रुप में **मै0 अंसल हाउसिंग कन्ट्रक्शन लि0, नई दिल्ली**, से कराया गया, जिसको आशियाना कालोनी का नाम दिया गया।

इस क्षेत्र में कई झीलें / ताल आदि पहले से थे तथा उनका क्षेत्र लो लेबिल का था। इसी क्षेत्र से आलमबाग, आजाद नगर आदि क्षेत्रों की भी जल निकासी "मोहम्मदी ड्रेन" के माध्यम से सई नदी तक होती थी।

योजना के विकास के समय उचित जल निकास / सीवर निकासी / डिस्पोजल को ध्यान में नहीं रखा गया। एम सेक्टर के पास नाला जो रेलवे लाइन के नीचे से गुजरता था, वहां मात्र 2.5 मीटर की चौड़ाई का बना हुआ था तथा उसके आगे कच्चा नाला ही बना था तथा सीवर लाइन को रेलवे लाइन के पहले ही समाप्त कर पम्पिंग स्टेशन बना सीवर का डिस्पोजल भी इसी नाले में कर दिया गया।

वर्ष 2000 में जब वर्षा ऋतु में जल भराव की स्थिति हुई तो गम्भीर परिस्थितियां उत्पन्न हो गई। आशियाना रेजीडेन्सी एसोशिएशन ने इस तरफ ल0 वि0 प्रा0 / प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया तो रेलवे लाइन के नीचे 2.5 मी0 नाले को 9 मीटर का करने का प्रस्ताव श्री दिवाकर त्रिपाठी जी, उपाध्यक्ष ल0 वि0 प्रा0 के सहयोग से बना तथा स्वीकृति / निर्माण की एक लम्बी अवधि में वर्षा ऋतु में जल भराव की दशा में "स्मृति उपवन" के बगल के सूखे तालाब में नाले की दीवार तोड़ कर जल निकासी कर दी जाती रही तथा उस तालाब को भी जब पाट कर पार्क / महोत्सव स्थल बना दिया गया, उसके उपरान्त वर्षा ऋतु में जल भराव की गम्भीर स्थिति होने लगी तथा मकानों के अंदर भी जल भराव होने लगा, विशेष रुप से सेक्टर 'के', खजाना मार्केट के पास, सेक्टर के–1, सेक्टर–एन, सेक्टर–एम आदि में।

शहीद पथ के निर्माण के समय उसके नीचे से भी मात्र 3 मीटर का नाला बनाया गया, जबकि रेलवे लाइन के नीचे 9 मी0 का नाला बन चुका था। उस दशा में जल निकासी शहीद पथ के नीचे बाधित होने लगी, जिस पर एसोसिएशन ने आयुक्त / उपाध्यक्ष ल0 वि0 प्रा0 का ध्यान आकृष्ट किया तो उसमें ही स्टील पाइप को डाल नाले की चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार हुआ, जब पाइप डालने का कार्य आरम्भ हुआ तो नीचे R.C.C. Bed आ जाने के कारण पाइपों को कुछ High Level पर डाल दिया गया जिससे समस्या में कोई विशेष सुधार नही हुआ।

विकास में हुई उक्त त्रुटियों के कारण उत्पन्न **जल भराव की समस्या के समाधान हेतु सुझाव** संलग्न कर प्रस्तुत किया जा रहें है।

(आर0 के0 भटिया)
महासचिव

रजिस्ट्रेशन संख्या 1523/92-93 नगर निगम पंजीकरण संख्या - 124

# आशियाना रेजीडेन्ट्स एसोसिएशन

कैम्प कार्यालय – के–880, आशियाना कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ
e-mail : aashianaresidents@gmail.com

**राजेन्द्र पाण्डेय**
अध्यक्ष
मो0 : 9335916286

**आर0 के0 भाटिया**
महासचिव
मो0 : 9335209338
8840351738

पत्रांक 88/2022-23/जलभराव दिनांक 23-09-2022

## जल निकासी हेतु सुझाव

**अ. आशियाना कालोनी के अंदर से जलभराव से मुक्ति हेतु सुझाव**

**सेक्टर 'जे'** : सेक्टर–'जे' की समस्त लेन का पुनर्निर्माण तथा नालियों का निर्माण आशियाना रेजीडेन्ट्स के कालोनी हस्तान्तरण के लिए, हुए जन आन्दोलन जिसमें माननीय सांसद कौशल किशोर जी तथा तत्कालीन विधायाक माननीय शारदा शुक्ला जी ने भागीदारी कर निर्णय कराया था, तब प्रथम चरण में सेक्टर 'जे' में कार्य हुए थे, वह उच्च गुणवत्ता के हुए थे, वर्तमान में वहां पर आन्तरिक नालियों का जुड़ाव मुख्य नाले से करा वहां पर जलभराव की समस्या दूर की जा सकती है। **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**सेक्टर 'के'–''के–1** : सेक्टर–'के' तथा 'के–1' की समस्त सड़कों की नालियों की मरम्मत तथा उनको 18 मी0/12 मी0 रोड के माध्यम से मुख्य नाले से जोड़ना आवश्यक है, विशेष रुप से आशियाना चौराहे के पास, विशाल मेगा मार्ट के सामने, खज़ाना मार्केट के पास, सेक्टर 'के' स्मृति उपवन रोड, पार्क के पास, चान्सलर क्लब के पास, स्मृति प्लाजा के पास, सेन्ट्रल एकेडमी रोड, 18 मी0 रोड थाने के सामने, 12 मी0 रोड एनराल्ड माल के सामने, पावर हाउस चौराहा, शुक्ला नेत्रालय के पास। आशियाना सेक्टर 'के' की 18 मी0 रोड पर नालों का निर्माण कराकर मुख्य नाले से जोड़ना आवश्यक है, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**नये नाले का निर्माणः–** हरिहर भक्ति धाम मन्दिर के पास से चांसलर क्लब तक 24" x 30" के नये नाले का निर्माण, चांसलर क्लब से स्मृति प्लाजा तक 30" x 36" का नया नाला जो किला गांव के नाले से जोड़ा जाय जिसमें सेक्टर 'के–1' की पम्पिंग लाइन भी जोड़ी जाये, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**नये पम्पिंग स्टेशनः–** एक पम्पिंग स्टेशन सेक्टर 'के–1' में वाटिका के पीछे जिसका निकास नये नाले के द्वारा कराया जाये, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**पुराने नालों का जीर्णोद्धारः–** सेक्टर 'के' के चारो तरफ आशियाना चौराहे से खजाना चौराहे, स्मृति उपवन रोड तक तथा आशियाना चौराहे से पावर हाउस होते हुए थाने के सामने से किला गांव नाला जिसकी दीवारें गिर चुकी हैं और बहुत अधिक क्षतिग्रस्त है उसका जीर्णोद्धार आवश्यक है, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**सेक्टर 'एम'** : सेक्टर 'एम' में चिरन्जीव भारती स्कूल 18 मी0 रोड तथा 12 मी0 रोड के दोनों तरफ नाले का जीर्णोद्धार कर मुख्य नाले से जोड़ना सुनिश्चित किया जाय तथा समस्त रोडों की नालियों को इन नालों से जुडवाया जाना, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**सेक्टर 'एन' :** किला गांव से लेकर सेक्टर 'एन' के चारों ओर बिजनौर रोड तक के बाह्य बड़े नाले का जीर्णोद्धार तथा उसमें आन्तरिक नालियों का जुड़ाव सुनिश्चित किया जाना, **जिसको संलग्न मानचित्र पर अंकित किया जा रहा है।**

**ब. कानपुर रोड योजना के जलभराव से मुक्ति हेतु सुझाव**

1. क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सीवर ट्रीटमेण्ट प्लांट की स्थापना जिसके लिए गत 20 वर्षो से परियोजनाएं बन रही है पर मूर्त रूप नही ले पा रही है, उस पर तुरंत स्वीकृति करा कर निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।
2. रेलवे लाइन से आगे जाने वाला नाला औरंगाबाद खालसा गांव में लगभग 1 कि0 मी0 कच्चा है, उसको पक्का किया जाना।
3. शहीद पथ के नीचे का नाला जो ऊंचे बेड लेवल में पाइपों से बन गया है उसके साथ–साथ शहीद पथ के नीचे दूसरे स्थान पर जहां R.C.C. Bed न हो वहां से एम0 एस0 पाइपों का एक अतिरिक्त निकास नाले के लेबल के अनुसार बना कर मोहम्दी ड्रेन से जोड़ जाना।
4. मोहम्म्दी ड्रेन का पुनर्निर्माण करा कर सई नदी तक जल निकासी सुनिश्चित कराया जाना।
5. पुरानी सीवर लाइन जो सेक्टर 'एम' पम्पिंग स्टेशन तक है, उसको रेलवे लाइन से आगे बढ़ाते हुए नये सीवर ट्रीटमेण्ट प्लांट तक मिलाया जाना।
6. पकड़ी पुल से लेकर आशियाना चौराहा, आशियाना चौराहे से खज़ाना चौराहे, बंगला बाज़ार से खज़ाना चौराहा, खज़ाना चौराहे से स्मृति उपवन मार्ग होते हुए सेक्टर 'एम' रेलवे लाइन तक के समस्त नालों का जीर्णोद्धार जिसमें R.C.C. नालों का आवश्यकतानुसार नवनिर्माण तथा अन्य समस्त सेक्टरों के नालों का आवश्यकतानुसार सुधार कार्य आवश्यक है।
7. कालोनी के अंदर के खाली प्लाटों, जहां कूड़ा ढेर व जलभराव होता है, उनके आवंटियों को नगर निगम के निर्णय अनुसार नोटिस देकर वहां आवास/बाउण्ड्री का निर्माण सुनिश्चित कराया जाय।
8. नगर निगम द्वारा जोनल सड़कों की सफाई के उपरान्त उनका कूड़ा सेक्टर 'के' में प्लाट सं0 के–824 तथा के–905 के बगल में डालकर वहां के निवासियों को नरकीय जीवन हेतु विवश किया जा रहा है, जिस पर तुरन्त कार्यवाही की आवश्यकता है।
9. जोनल सड़कों पर बने मुख्य नालों को व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने पत्थरों से ढक दिया है, जिस पर भी कार्यवाही की आवश्यकता है।
10. पूर्ण क्षेत्र में अतिकमण यातायात व्यवस्था हेतु अभिशाप तो है ही, वही अतिकमण जलभराव, स्ट्रीट फूड स्टाल के कचरे से नालों के जाम होने तथा रोगों के जनक होने का भी कारण है, अतः हर व्यवस्था को ठीक करने से पहले सम्बंधित विभागों को इस दिशा में भी ध्यान देना चाहियें।

**"जलभराव :समस्या एवं सुझाव हेतु"** जल प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन माननीय सांसद श्री कौशल किशोर जी की अध्यक्षता में करा कर माननीय विधायक डा0 राजेश्वर सिंह जी ने क्षेत्र की जनता को सहभागिता का जो अवसर दिया है, वह सराहनीय है, जिसके लिए मैं अपने समस्त आशियानावासियों की तरफ से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं।

आशियानावासियों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपके प्रयासों से अगले वर्षा ऋतु में उनको जलभराव की समस्या तथा उस जल भराव से होने वाली हानियों से मुक्ति मिलेगी।

परम आदर सहित।

संलग्नक : 17 पृष्ठ

(आर0 के0 भटिया)
महासचिव
मो0 सं0 9335209338
e-mail-rkbhatia16@gmail.com